दैनिक जागरण 12/09/2025

# क्विज में साक्षी, मंजोत और तृप्ति ने मारी बाजी




जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

**अंबाला (विज्ञप्ति):** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। यह आयोजन प्राचार्य डा. रोहित दत्त और प्रकोष्ठ के संयोजक डा. सीपी पूनिया की देखरेख में हुआ।

क्विज प्रतियोगिता में प्रो. महक और प्रो. महिका ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई, जबकि इसका संयोजन गणित विभाग की डा. पिंकी ने किया। प्रतियोगिता में साक्षी, मंजोत कौर और तृप्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कुलजोत सिंह, जपमन कौर और सिमरनजीत कौर रहे, जबकि तृतीय पुरस्कार पलक, मनीष और साहिल को मिला। वाद विवाद में करण ने प्रथम, श्रेया ने द्वितीय और अदिति तथा गौरव ने संयुक्त तृतीय स्थान हासिल किया। मोनो एक्टिंग में ऋतिका ने पहला, अदिति ने दूसरा और उपासना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में रितु ने पहला स्थान हासिल किया।